दैनिक भास्कर 16/02/2023

# जीएमएन कॉलेज में एनएसएस शिविर का समापन




**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में एनएसएस यूनिट की तरफ से चल रहे 7 दिवसीय शिविर का समापन हुआ। मुख्यातिथि केयू के एनएसएस प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. आनंद कुमार ने स्वयंसेवकों को बताया कि एनएसएस हम की भावना को विकसित कर राष्ट्रीय कल्याण के लिए काम करती है। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि समाज सेवा ही राष्ट्र सेवा है। इसी को निभाते हुए गांव खुड्डा कलां में स्वयंसेवकों ने अनेक तरह की गतिविधियों में भाग लिया। इस मौके पर डॉ. धर्मवीर व डॉ. अनीश ने बताया कि स्वयंसेवकों को विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए पुरस्कृत किया गया। सभी ने 7 दिवसीय शिविर में श्रमदान किया। डॉ. सरोज ने बताया कि स्वयंसेवक राष्ट्र व देश सेवा के लिए तैयार है।